संख्या- 28 /2018/717/30-3-18-07बी/2007टीसी

प्रेषक,

मुहम्मद अख़लाक़ खॉ,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

परिवहन आयुक्त,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

परिवहन अनुभाग-3 **लखनऊ दिनॉक 21 मार्च, 2018**

विषय- सम्भागीय/सहायक सम्भागीय परिवहन कार्यालय के भवन मरम्मत/अनुरक्षण कार्य हेतु वित्तीय स्वीकृति निर्गत करने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या-352ए/2018-97ए/2014, दिनांक 15-02-2018, पत्र संख्या-486ए/2018-97ए/2014, दिनॉक 28-02-2018 एवं पत्र संख्या-487ए/2018-97ए/2014, दिनांक 01-03-2018 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि सम्भागीय/सहायक सम्भागीय परिवहन कार्यालय के भवन मरम्मत/अनुरक्षण कार्य कराये जाने के प्रस्ताव पर सम्यक् परीक्षणोपरान्त संलग्न सूची (क) के अनुसार वित्तीय वर्ष 2017-18 में परिवहन विभाग की अनुदान संख्या-43 में राजस्व पक्ष के अन्तर्गत लेखाशीर्ष-2059-लोक निर्माण कार्य-01-कार्यालय भवन-051-निर्माण-03-अनावासीय भवनों की मरम्मत तथा रख-रखाव-29-अनुरक्षण में प्रावधानित धनराशि रू0 198.91 लाख में से 43.344 लाख (रू0 तैंतालीस लाख चौंतीस हजार चार सौ मात्र) की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान करते हुए आपके निवर्तन पर रखने की निम्नलिखित शर्तों एवं प्रतिबन्धों के अधीन श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं :-

(1) आप द्वारा संलग्न सूची के अनुसार प्रस्तावित कार्य से सम्बन्धित कार्यदायी संस्था से अनुश्रवण करके प्रश्नगत कार्य कराया जाना सुनिश्चित किया जायेगा।

(2) आहरित धनराशि पी0एल0ए0/डिपाजिट खाते में नहीं रखी जायेगी।

(3) निर्माण कार्य की विशिष्टयां मानक एवं गुणवत्ता सुनिश्चित किये जाने का उत्तरदायित्व आपका होगा।

(4) उक्त कार्य की वर्तमान तथा भविष्य में पुनरावृत्ति न हो इसका पूर्ण ध्यान रखा जाय।

(5) उक्त व्यय के सम्बन्ध में उपयोगिता प्रमाण-पत्र उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाय।

(6) उक्त कार्यों के सम्बन्ध में समस्त सुसंगत वित्तीय नियमों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

2- उक्त के सम्बन्ध में होने वाला व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2017-18 के आय-व्ययक में परिवहन विभाग की अनुदान संख्या-43 के अन्तर्गत राजस्व पक्ष में लेखाशीर्ष-2059-लोक निर्माण कार्य-01-कार्यालय भवन-051-निर्माण-03-अनावासीय भवनों की मरम्मत तथा रख-रखाव-29-अनुरक्षण के नामे डाला जायेगा।

3- यह आदेश वित्त विभाग द्वारा प्रशासकीय विभाग को प्रतिनिधानित अधिकारों के अन्तर्गत निर्गत किये जा रहे हैं।

भवदीय,
ह0/-
(मुहम्मद अख़लाक़ खॉ)
विशेष सचिव।

संख्या- 28/2018/717(1)/30-3-2018, तददिनॉक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1- महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद।
2- महालेखाकार (लेखा परीक्षा) प्रथम/द्वितीय, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद।
3- मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ ।
4- वित्त नियंत्रक, कार्यालय-परिवहन आयुक्त, उत्तर प्रदेश, लखनऊ ।
5- वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-2
6- वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-9
7- निदेशक, वित्तीय एवं सांख्यिकीय निदेशालय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ ।
8- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,
ह0/-
(विनोद कुमार)
उप सचिव।

1- **यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।**
2- **इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट** http://shasanadesh.up.nic.in **से सत्यापित की जा सकती है ।**

सूची-क

सम्भागीय/सहायक सम्भागीय परिवहन कार्यालय के भवन मरम्मत/अनुरक्षण के कार्य का विवरण :

क्र0 सं0	कार्यालय का नाम	कार्यदायी संस्था का नाम	धनराशि (रू0 लाख रूपये में)
1	2	3	4
1.	सहायक सम्भागीय परिवहन कार्यालय, इटावा	यूपी स्टेट कान्स्ट्रक्शन एण्ड इन्फ्राक्स्ट्रक्चर डेवलपमेंट कारपोरेशन लिमिटेड, इटावा/औरैया	4.57
2.	सहायक सम्भागीय परिवहन कार्यालय, औरैया	लोक निर्माण विभाग, औरैया	5.00
3.	सहायक सम्भागीय परिवहन कार्यालय, सीतापुर	ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, सीतापुर	5.00
4.	सहायक सम्भागीय परिवहन कार्यालय, बिजनौर	ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, बिजनौर	5.48
5.	सहायक सम्भागीय परिवहन कार्यालय, ललितपुर	यूपी स्टेट कान्स्ट्रक्शन एण्ड इन्फ्राक्स्ट्रक्चर डेवलपमेंट कारपोरेशन लिमिटेड, ललितपुर	4.98
6.	सहायक सम्भागीय परिवहन कार्यालय, महोबा	कन्स्ट्रक्शन एण्ड डिजाइन सर्विसेज, उ0प्र0 जल निगम, महोबा	4.54
7.	सम्भागीय परिवहन कार्यालय, गाजियाबाद	यूपी स्टेट कान्स्ट्रक्शन एण्ड इन्फ्राक्स्ट्रक्चर डेवलपमेंट कारपोरेशन लिमिटेड, गाजियाबाद	6.654
8.	सम्भागीय परिवहन कार्यालय, वाराणसी	यूपी स्टेट कान्स्ट्रक्शन एण्ड इन्फ्राक्स्ट्रक्चर डेवलपमेंट कारपोरेशन लिमिटेड, वाराणसी	7.12
		योग =	43.344 (रू0 तैंतालीस लाख चौंतीस हजार चार सौ मात्र)